>

Title: Regarding poor connectivity of BSNL in rural areas.

श्री सुभाष बापूराव वानखेडे (हिंगोली): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय संचार मंत्री का ध्यान दिन प्रतिदिन बीएसएनएल की बिगड़ती स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र हिंगोली, महाराष्ट्र में किनवट, महागांव, उमरकैत, हिमायतनगरी, नखलैत और पूरा ट्राईबल क्षेत्र है। बीएसएनएल के टॉवर्स सही मात्रा में नहीं होने की वजह से इसकी सेवा बुरी तरह से पिछड़ गई है और बीएसएनएल के उपभोक्ता बुरी तरह से प्रभावित हैं। मैंने माननीय मंत्री जी को पत्र लिखकर इस स्थिति से अवगत कराया था। मेरे निर्वाचन क्षेत्र हिंगोली में बीएसएनएल के टॉवर सही मात्रा में नहीं होने से बीएसएनएल की सेवा बुरी तरह पिछड़ गयी है। मैंने माननीय मंत्री महोदय को पत्र के द्वारा भी स्थिति से अवगत कराया था और मेरे निर्वाचन क्षेत्र महाराष्ट्र के हिंगोली संसदीय क्षेत्र में 50 टॉवर स्थापित किये जाने की मांग की थी।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि महाराष्ट्र में बीएसएनएल प्रणाली पूरी तरह से ठप्प हो गई है। बाकी दूसरी संस्थाएं या रिलायंस इत्यादि की सेवाएं भी हैं लेकिन बीएसएनएल के टॉवर्स सही मात्रा में नहीं हैं। बीएसएनएल की खराबी यह है कि टॉवर्स नहीं हैं और अगर टॉवर्स हैं तो डीजल नहीं हैं और अगर डीजल है तो वहां वॉचमैन नहीं हैं। टॉवर्स की जो पॉवर है, जो उसकी कैपेसिटी है, वह बहुत कम है। लेकिन उसके उपभोक्ता यानी कनैक्शंस की संख्या ज्यादा बढ़ती जा रही है। बीएसएनएल के कर्मचारियों और अधिकारियों को मैं दोष नहीं दूंगा। लेकिन उनका इस तरफ ध्यान नहीं है और ज्यादा से ज्यादा टॉवर वे बंद रखते हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करता हूं कि महाराष्ट्र के अंदर जितने बीएसएनएल के टॉवर्स हैं, उनको अधिक से अधिक सक्षम बनाया जाए और संचार सुविधाओं में सुधार लाया जाए। यही मेरा आपसे निवेदन है।